of the Fourth Plan period has, if anything, been worse' be deleted.

(iv) Instead of the existing sentence in lines 17 to 20, namely, 'In 1966-67, the approved outlay was only 52% of what it should have been according to the full schematic requirement in the current year, it has come down to 40%', substitute the following : 'In 1966-67, the approved outlay was only 52% of the full requirements under the schematic pattern while in 1967-68, the percentage went down to 42%.

The question, it may be mentioned, did not come up for oral answer.

---

**12.02 hrs.**

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

**Uncertainty over Indo-Nepal Talks**

SHRI E. K. NAYANAR (Palghat) : Sir, I call the attention of the Minister of Foreign Trade to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon :

"Reported uncertainty prevailing over the next round of Indo-Nepal talks on trade and transit."

THE MINISTER OF FOREIGN TRADE (SHRI L. N. MISHRA) : Mr. Speaker, Sir, The Treaty of Trade and Transit between India and Nepal which was concluded in 1960 came to an end on the 31st of October, 1970. There had been some frank and friendly exchange of views over the past few months on the arrangements to be made beyond the 31st October. These helped indentify the issues.

It has been the earnest endeavour of the Government of India to find mutually acceptable and beneficial arrangements for trade and transit which while helping Nepal to maximise the export of goods of Nepalese origin to India and to third countries and facilitating the import of goods needed for consumption in Nepal or for the development of the economy of Nepal, will take care to avoid diversions and distortions harmful to India's economic interest or injurious to Indian economic policies.

A team of officials of His Majesty's Government of Nepal came to New Delhi on the 25th October and had discussions with officials of the Government of India. The Minister for Industry and Commerce of His Majesty's Government of Nepal also visited New Delhi. The Nepalese Delegation returned to Kathmandu on the 1st of November. It has been agreed between the two Governments that the current negotiations will be resumed by the middle of November and will be concluded during the course of the month. A delegation of officials from Nepal is expected in New Delhi tommorrow to resume discussions on the details of the new arrangements for transit and for mutual trade.

Meanwhile, in order to avoid dislocation in mutual trade and difficulties to the people on either side of the border, existing arrangements for mutual trade and transit have been continued.

With the close and friendly relations between India and Nepal I have every hope that mutual satisfactory arrangements will be evoloved expeditiously.

SHRI E. K. NAYANAR : We are expecting the officials' team's arrival in New Delhi tomorrow and today we are discussing about the trade pact, the attitude of the Government of India in regard to that treaty, and after ten years of trade dealings how it happened that it lapsed on the 31st October.

According to statistics India's trade with Nepal in the past few years was :

| | |
|---|---|
| 1966-67 | Imports—Rs. 12.2 crores |
| | Exports—Rs. 21.0 crores |
| | Benefit —Rs. 8.8 crores. |
| 1967-68 | Imports—Rs. 15.1 crores. |
| | Exports—Rs. 18.4 crores. |
| | Benefit —Rs. 3.3 crores. |
| 1968-69 | Imports—Rs. 14.1 crores |
| | Exports—Rs. 24.7 crores |
| | Benefit —Rs. 10.6 crores |

Now the trade facility with Nepal has lapsed after ten years. I want to know why our neighbouring countries are hostile towards India. We should re-examine all these things.

With Ceylon we are not in friendly terms with them and we have a dispute over Kachativu. India is isolated from the

neighbouring countries. We have no friendly relations with Pakistan. Same is the case with China. Now our trade pact with Nepal has lapsed. Recently Nepal signed trade pacts with China, Soviet Union and other countries. Most of the goods imported from these countries find their way into Indian market. In black market and white market we can get these commodities. India and Nepal has differences at different levels on many issues. Indo-Nepalese co-operation began in 1952 onwards. (1) Minor border dispute over 4½ sq. miles of territory around Susta area is not settled. (2) Then came the demand of Nepal regarding withdrawal of Indian personnel from border checkposts. They demanded that the Indian Military Liaison Group in Nepal should be wound up. (3) Nepal demanded transit facilities for Nepal's trade with Pakistan. India said that trade facilities will be provided on a reciprocal basis. India urged Nepalese exports into this country based on imported raw materials should be regulated. These mainly related to stainless steel products and synthetic fabrics. At the same time Nepal wants India to adopt a more liberal attitude towards the growing export trade of Nepal.

Now some anti-Indian campaign is going on inside Nepal. Some political Parties are campaigning against India. The Nepalese Commerce and Industries Minister, Mr. Nev Raj Subedi charged that India is obstructing the Nepal's trade. I don't know whether it is correct or not. The Government must clarify that position.

The World Bank Team's suggestion regarding construction of a highway in Nepal is not helpful to India. The World Bank team suggested the construction of the National Highway linking Kathmandu valley with the Nepalese Terai and India and the rest of the world. The Study Team suggested that the road should run along the Bagmati river bank. This has created an ill feeling for India in Nepal. Indian industrialists' attitude regarding starting a textile mill in Nepal also created bad feelings.

MR. SPEAKER : I am fed up of reminding you. The moment I do it you insult the Speaker. I am fed up of reminding every time since the last one year about the procedure of this thing and that thing. Kindly ask a question for clarification. Don't make a speech.

SHRI E. K. NAYANAR : I am saying that Indo-Nepal relations are not as good as we want them to be. The trade and transit treaty which was there for the past ten years is allowed to lapse. I want to know the reason. I want to examine these things. At the same time, an anti-India campaign is going on there. This is being spear-headed by some political leaders. Mr. Kirti Nidhi Bista who was a former Prime Minister of Nepal charged that India should not block the trade. May I know what all steps Government are going to take to improve trade relations with Nepal and clarify India's position ? Will the Government have some rethinking and take constructive and helpful steps to improve relations not only with Nepal, but with our other neighbouring countries, to improve the trade development of India and the prosperity of Indian trade ?

SHRI L. N. MISHRA : We are in a very delicate stage of negotiations. The delegation is coming tomorrow. It will not be advisable for me to give all the points that we are taking up with the delegation. About the differences in our point of view with Nepal, I would like to say outright that there are very few points of difference on trade matters and there is no question of many differences. We are having good relations with Nepal on many matters. There might be some differences of opinion on some points, but they are not many. Such types of statements are unfair, especially coming from a Member of Indian Parliament. The India-Nepal trade has increased manyfold in the course of these last few years. Whereas Nspal's trade with third countries was only 2 million dollars in 1962-63, it has increased to 20 million dollars in 1968-69—10 times improvement. This is what is the position in respect of Nepal's trade with third country. This is the position in these 5 or 6 years. We have provided facilities for that.

About other neighbouring countries also, I wish to say that we have very good relations with Ceylon, we have got very good relations on trade with Burma also. Only yesterday I have had a discussion with the Delegation from Burma and they were very much satisfied with the discussion. Similarly, with Afghanistan, our trade is improving.

On our general policy in trade matters,

[Shri L. N. Mishra]

I wish to say this. We have never wished to place any obstructions in transit facilities to Nepal. In fact, the facilities we have provided over the sixties have helped Nepal to secure a manyfold increase in its trade with third countries. We are prepared to provide even better facilities for their transit trade in the port of Calcutta, despite our wellknown difficulties in that port.

In respect of mutual trade we have so far been sharing our goods and services with them on an equal basis as if the two markets form two independent parts of a single hall. It is for His Majesty's Government to consider whether they would like this position to end. So far as we are concerned we would like to do all that we can to help the speedy development of Nepalese economy and its diversification and industrialisation.

**श्री भोगेन्द्र झा** (जयनगर) : अध्यक्ष महोदय, नेपाल हमारा निकटतम पड़ौसी तो है ही, वह हमारा सहोदर और गहरा मित्र-देश भी है। मिली-जुली आबादी, समान आशाओं और आकांक्षाओं तथा रहन-सहन के द्वारा हमारे दोनों देश एक दूसरे से सम्बन्धित हैं। इन दोनों देशों की वाणिज्य और आवागमन संधि 31 अक्तूबर को खत्म हो गई है और उसका अभी तक नवीकरण नहीं हुआ है। सदन और देश मंत्री महोदय की इस बात पर विश्वास नहीं करेगा—और मैं समझता हूँ कि स्वयं मंत्री महोदय को भी इस पर विश्वास नहीं है—कि इस बारे में सब कुछ ठीक है, कोई नई बात नहीं हुई है, कोई गड़बड़ी नहीं है।

मन्त्री महोदय ने कहा है कि संधि के बारे में वार्ता चल रही है, इसलिए वह स्थिति को पूरी तरह साफ नहीं कर सकते हैं। यह बात तो समझ में नहीं आती है। लेकिन जब अवधि बीत जाने पर भी सरकार एक नई संधि करने में विफल हो गई है, तो सदन इस बारे में कुछ स्पष्टीकरण चाहेगा और अपनी राय भी देना चाहेगा।

क्या यह सही है कि भारत में से होकर तीसरे देशों के साथ नेपाल का जो व्यापार हैं, अब तक दी गई सुविधा के अनुसार तीसरे देशों से आया हुआ जो माल भारत में आता रहा है और बाहर जाता रहा है, उसके कारण यह विकट समस्या पैदा हुई है? क्या यह सही है कि नेपाल में जो उत्पादन होता है, उसको लेकर यह समस्या पैदा नहीं हुई है, बल्कि इस संधि का बेजा इस्तेमाल करके तीसरे देशों का माल नेपाल से भारत में आता रहा है और बाहर जाता रहा है, उसके कारण यह समस्या पैदा हुई है? सीमा के लोग जानते हैं कि हमारी सरहद के किनारे पर स्थित वीरगंज, जयनगर, रक्सौल और विराट नगर आदि जगहों में हमारे क्षेत्र के व्यापारियों ने—उन्हें चोर व्यापारी कहना अधिक उचित होगा—सरहद के उस पार अपनी दुकानें खोल रखी हैं और वे यहां से माल उधर ले जाते हैं। बल्कि आज स्थिति यह है कि बिहार से कई लाख टन गल्ला नेपाल के गल्ले के नाम से बाहर भेजा जाता है, हालांकि उसमें से एक छटांक गल्ला भी नेपाल का नहीं होता है। वह गल्ला दिखाने के लिए भी नेपाल नही जाता है, बल्कि व्यापारी लोग पांच दस रुपया खर्च करके कागज पर नेपाल का लिखवा लेते हैं और बाहर भेजने की इजाजत प्राप्त कर लेते हैं। हम इस बात को साबित कर सकते हैं और चूंकि मंत्री महोदय उस इलाके के हैं, इसलिए उन्हें भी इसका व्यक्तिगत अनुभव होगा। इस प्रकार का तस्कर व्यापार बड़े पैमाने पर हो रहा है। हमारे जो नागरिक और सरहद के व्यापारी चीन, जापान और अमरीका आदि के माल का व्यापार नेपाल के नाम पर करते हैं, क्या सरकार उन पर लगाम लगाने में सक्षम है या नहीं? अगर ऐसा नहीं किया जायेगा, तो नेपाल के साथ हमारा रिश्ता बिगड़ेगा। ये व्यापारी चीन का माल बेचते हैं, खुद तिरंगा झंडा लगाते हैं और कुछ लड़कों के द्वारा भगवा झंडा लेकर "थाऊ-माओ मुर्दाबाद"

के नारे लगवाते हैं। आज समूचे सरहद पर चीनी माल की स्मगलिंग हो रही है। क्या सरकार उन पर कड़ाई से अंकुश लगाने का कोई रास्ता निकालेगी या नहीं? अगर ऐसा नहीं किया जायेगा, तो फिर चाहे नेपाल के साथ कोई भी संधि की जाये, वह सफल नहीं होगी और बिना कारण नेपाल के साथ हमारा रिश्ता बिगड़ेगा। वर्तमान स्थिति में नेपाल में भी असन्तोष है और हमारा भी नुक्सान हो रहा है।

नेपाल सरकार ने यह मांग की है कि कलकत्ता में उसके लिए एक गोदाम की व्यवस्था की जाये, जिसमें वह अपना माल रख सके। मैं यह जानना चाहता हूं कि भारत सरकार को इसमें क्या आपत्ति है। मैं समझता हूं कि हमें इस बारे में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये।

नेपाल बाजाब्ता तौर पर तीसरे देशों से जो माल मंगाता है, जिसके लिए वह हमारे देश में से रास्ता चाहता है, उसके भारत में बिकने का खतरा रहेगा। सरकार इस बारे में क्या ठोस उपाय कर रही है।

मन्त्री महोदय ने कहा है कि और मामलों में नेपाल के साथ हमारे सम्बन्ध खराब नहीं हैं 1965 में नेपाल के महाराजा ने पश्चिमी कोसी नहर का उदघाटन किया था। उससे पहले तीन बार उसका उद्घाटन हो चुका है। क्या सरकार उस काम को हाथ में ले रही है या नहीं? वह काम अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका है। बार बार यह कहा जाता है कि हम सब मामलों को एक-साथ तय करेंगे। जब तक वाणिज्य और आवागमन का मामला हल नहीं होता है, क्या तब तक पश्चिमी कोसी नहर और अन्य मामलों को हल करने का प्रयत्न किया जायेगा?

**श्री ल० ना० मिश्र**: अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बहुत सी बातें उठाई हैं। उनमें से जिनका सम्बन्ध मेरे विभाग से है उस का उत्तर मैं दे सकता हूं। जहां तक कि वार्त्ता की विफलता की बात है मैं विनम्र निवेदन करूंगा कि वार्ता विफल नहीं हुई है, स्थगित हुई है जैसाकि हम लोगों ने कहा था।... (**व्यवधान**)...31 तारीख को 12 बजे रात से जो हम लोगों की ट्रीटी थी वह समाप्त हो रही थी। इसलिए हम लोगों के सामने जब ऐसी बात आ गई जिस पर कि हमारी और उनकी एक राय नहीं हुई तो यह तय किया गया कि उसको ऐडजर्न कर दिया जाय और पुनः बात की जाय। यह भी तय पाया कि जब तक नई संधि न हो तब तक उसको पुराने ढंग से चलाया जाय क्योंकि कोई दूसरा रास्ता नहीं था। जैसा माननीय सदस्य ने कहा यदि उसको बन्द रखा जाता तो नेपाल के लोगों को बहुत तकलीफ होती, उनके दैनिक जीवन की सामग्री भी नहीं पहुंच पाती। हालाँकि 31 तारीख के 12 बजे से पहले ही हमने कहा था कि आप उसी संधि को जारी रखें तो उन्होंने कहा कि वहां जाकर सूचना देंगे और उन्होंने सूचना दी, उस चीज पर हमने अमल भी किया। जहां तक कि थर्ड कंट्री के गुड्स का सवाल है, अब विवाद किस बात पर है? अपने बयान में हमने उस ओर इशारा किया है और कहा है कि जहां तक नेपाल में जो चीज बनाई गई हो शुरू से अन्त तक, उसका तो स्वागत है, हम हमेशा लेना चाहेंगे, लेकिन बाहर का माल जो नेपाल से होकर आता है उससे हमारा ट्रेड-डीफ्लेक्शन जिसको कहते हैं वह होता है और हमारे व्यवसाय पर असर पड़ता है। इसलिए हमारे लिए जरूरी है कि हम अपनी रक्षा करें और हमारा जो व्यवसाय है, उद्योग है, वह नुकसान में न चले।

**श्री भोगेन्द्र झा**: इसमें नेपाल सरकार का क्या दोष है? आप अपने व्यापारियों पर नियंत्रण क्यों नहीं रखते?

**श्री ल० ना० मिश्र**: यह कैसे हो सकता है? 600-700 मील की खुली सीमा है कितनी पुलिस बैठाएंगे, कितना इन्तजाम करेंगे? यह असम्भव बात है कि हम उसको रोक दें।

[श्री ल० ना० मिश्र]

जहां तक माल गोदाम की बात है, कलकत्ते में एक बात यह है, जैसा हमने कहा, कलकत्ता ऐसी कठिन जगह है जहां हमें खुद स्थान की तकलीफ है। उस बन्दरगाह में नेपाल को अपना सामान रखने के लिए, हमने कहा है कि हम जगह देंगे और अभी जो जगह है या माल गोदाम है उन के पास उससे विशेष रूप में देंगे और उनको जो आवश्यकता होगी उसके लिये हमारे और उनके आफिसर वहां जाएंगे और देखेंगे, जितनी गुंजाइश हो सकेगी, हम उनको वहां पर देंगे।

बाकी विषय जो है गंडक या कोसी का यह तो सिंचाई मंत्री के विभाग की बात है। मैं उसके बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (बलरामपुर) : अध्यक्ष महोदय, यह दोहराने की आवश्यकता नहीं है कि नेपाल हमारा पड़ोसी है और उसके साथ हम मित्रता के घनिष्ठतम सम्बन्ध स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन यदि एक स्वतन्त्र तथा सर्वप्रभुता-सम्पन्न देश के नाते नेपाल अपने हितों का ध्यान रखकर पाकिस्तान और चीन के साथ सम्बन्ध बना सकता है तो हमारे सम्बन्धों का निर्धारण भी भारत के हितों को प्रमुखता देकर होगा। मैं यह जानना चाहता हूँ कि मंत्री महोदय ने अपने वक्तव्य के प्रथम परिच्छेद के अन्तिम वाक्य में कहा है कि

"They helped identify the issues."

यह ईश्यूज क्या हैं ? कुछ उन्होंने इशारा दिया है कि जहां तक नैपाल के बने हये माल का सवाल है उसके लिए तो हम कोई रोक नहीं लगाना चाहते लेकिन तीसरे देशों का बना हुआ माल अन्धाधुन्ध रूप से भारत में आएगा तो कठिनाई पैदा करेगा। क्या यही ईश्यू है या इस के अलावा और भी ईश्यूज हैं, क्या मन्त्री महोदय इसके ऊपर प्रकाश डालेंगे।

दूसरी चीज मैं यह जानना चाहता हूँ कि क्या मंत्री महोदय भारत और नेपाल के सम्बन्धों के बारे में विरोधी दलों को विश्वास में लेने के लिए तैयार हैं ? कल आप की वार्त्ता हो रही है। वार्त्ता के बाद आप विरोधी दलों को आमंत्रित कर सकते हैं और सरकार का दृष्टिकोण क्या है, नैपाल किन बातों पर बल डाल रहा है और जो बातें भारत के लिये मानना संभव नहीं है, इन सबके बारे में विरोधी दलों को विश्वास में लेने की आवश्यकता है क्योंकि किसी तरह की गलतफहमी नहीं रहनी चाहिये। नैपाल के साथ मित्रता के संबंध बनाये रखते हुए भी हम भारत के हितों का संरक्षण चाहेंगे। मंत्री महोदय यदि विरोधी दलों को विश्वास में ले लें तो मैं समझता हूं कि बहुत सी गलतफहमिया दूर हो जायेगी।

**श्री ल० ना० मिश्र** : जहां तक भारत के हित का प्रश्न है इसमें दो रायें क्या हो सकती हैं, जो अटल जी ने कहा ? हम यही तो कहते हैं कि सर्वप्रथम तो इसी चीज को देखना है कि हमारे देश का हित किस में है ? देश का हित इसमें भी है कि नैपाल की उन्नति हो और नेपाल का बिकास हो। वह हमारा पड़ोसी देश है और आपको मानना होगा कि भारत एक बहुत बड़ा देश है। नैपाल एक छोटा सा देश है। हम ज्यादा बोझ बर्दाश्त कर सकते हैं, नैपाल कम कर सकता है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि भारत को इसके लिए इस्तेमाल किया जाय कि तीसरे देश का माल भारत के जरिये से इस तरह से खपाया जाए। इसके लिए हम सहमत नहीं हो सकते कि तीसरे देश का माल या वहां की बनी हुई चीजें नेपाल से भारत होकर जायं और उसको हम देखते रहे। यह चीज तो नहीं हो सकती है।

उन्होंने जो कहा कि क्या-क्या ईश्यूज आइडेंटिफाई हुए हैं जैसाकि हमने पहले भी कहा था और आज भी मैं कहता हूँ इसका विश्लेषण हम उस दिन भी नहीं करना चाहते थे लेकिन

नैपाल के मंत्री ने काठमांडू में जाकर वक्तव्य दिया जिसको माननीय सदस्य ने देखा होगा। हम अब भी यह नहीं कहना चाहते कि किन-किन बातों पर मतभेद है और उसको हम निभाना चाहते हैं क्योंकि उससे सहूलियत होगी बातचीत करने में। हालांकि उन्होंने कुछ बातों की चर्चा की है और माननीय सदस्य ने उसे देखा होगा, मैं न उनका खंडन करता हूं न उस का समर्थन करना चाहता हूं। जो भी राय उन्होंने दी है उस पर मैं कोई राय नहीं देता हूं। इतनी राय जरूर दी है और अभी भी देता हूं कि जिससे भारत का अहित होगा वह काम नहीं होगा और उसके साथ हम सहमत नहीं हो सकते हैं।

भारत और नैपाल के बीच में जो समझौता हो उसमें विरोधी दल को विश्वास में लिया जाय यह राजनैतिक बात है। अभी तक जो ट्रेड ऐग्रीमेंट हुए हैं उसमें इस तरह की बात नहीं हुई है और एक नया सिलसिला नैपाल से ही शुरू करें यह अशुभ सा लगता है। मैं प्रार्थना करूंगा कि वह हमें यह आशीर्वाद दें कि हम इसमें सफल हो जायं और हमें विश्वास है कि हम सफल हो जाएंगे। विरोधी दलों को यह मानना होगा कि हम लोग भी उतने ही देश की रक्षा के लिये तत्पर हैं जितने वह हैं और मैं इससे अधिक कुछ नहीं कहना चाहता हूं।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : मंत्री महोदय ने मेरे सुझाव को गलत रोशनी में लिया। हम व्यापार समझौते की चर्चा नहीं करना चाहते हैं। मैं उस क्षेत्र से आता हूं जो नेपाल से लगा हुआ है। मैं जानता हूँ क्या स्थिति है। लेकिन विरोधी दलों को बुलाकर नैपाल के साथ क्या कठिनाइयां हैं, उसको हल करने के लिए क्या किया जा रहा है। इस में क्या आपत्ति है?

**श्री ल० ना० मिश्र** : व्यापारिक सम्बन्ध के विषय में आज तक ऐसी बात हुई नहीं है और अध्यक्ष महोदय, मैं इन सब बातों में स्वतन्त्र भी नहीं हूं। मुझे भी बात करनी होगी और बात करने के बाद ही मैं इस विषय में कुछ कह सकता हूं।

SHRI RANGA (Srikakulam) : Are they not working in close co-operation and consultation with their Foreign Minister ?

SHRI R. BARUA (Jorhat) : It appears from the Nepalese statement that they, being a land-locked country, are not given international facilities for transit of trade by India. That is the general complaint and main propaganda against India. What are the facilities that we are not in a position to offer them according to the international code ? Secondly, how is it that these two friendly countries have not been able to iron out their mutual differences through diplomatic channels, and how is it that, on the other hand, we have allowed Pakistan and China to come much closer to Nepal ?

SHRI L. N. MISHRA : According to the international convention, any land-locked country has got a right to have access to see, and that we have given. They have got access to see through Calcutta, and there cannot be any two opinions on this matter. About other matters which are political, I would not like to say anything, but about transit I can say positively that Nepal will have free transit of goods originating from Nepal to go to any third country that they like to send them to, and they will have access to Calcutta port.

SHRI HEM BARUA (Mangaldai) : I wrote to you about one thing urgent this morning.

MR. SPEAKER : I have seen it ; she is not here.

SHRI HEM BARUA : When she comes back would you ask her to clarify the position ? . (*Interruptions*) About the sale of arms by the United States to Pakistan and their explanation that it was one time exception she is reported to have said like that to Mr. Rogers ..(*nterruptions*) Will you ask her to clarify the position ?

MR. SPEAKER : I receive something new every day from you ; I take it like that. She is not here. When she comes I shall send it to her. I expect something every morning from you. I am careful about that.

SHRI NATH PAI (Rajapur) : I am glad you have admitted Mr. Limaye's privilege motion. What has happened to mine ? When is the enquiry expected to be over ?

MR. SPEAKER : I do not think that you should ask about it ; I shall myself tell you when the enquiry is over.

SHRI NATH PAI : It is part of our duty ; are you reminding the Defence Minister to complete it...(*Interruptions* )

MR. SPEAKER : Kindly do not repeat it every day. Unless you give some notice, it is not possible for me to decide. I gave my ruling yesterday ; they are pending.

SHRI NATH PAI : You have withheld your ruling ; you are still considering it. You are a distinguished lawyer ; it is not a ruling...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Whether it is an observation or ruling, you take it like that. Unless I hear from the hon. Minister that I shall not decide about it ; it will be kept pending.

SHRI NATH PAI : Please keep reminding him to complete the enquiry.

SHRI UMANATH (Pudukkottai) : I do not wait till the enquiry is over. My privilege motion is on the reply of the hon. Minister that he will not place Henderson Brookes report on the Table of the House. That does not require an enquiry that is pending in the Defence Ministry. You can decide on it.

MR. SPEAKER : It is pending with me ; I have not decided on it. You should ask me in the Chamber and not get up like this in the House. I am readily available in the Chamber and you can ask me about it. I can ask the Minister. Please do not raise it every day in the Hou e... (*Interruptions*) Mr. Limaye's motion is in order. I think he should ask the leave of the House. Shall I read it ? Or he can read it.

---

**12.35 hrs.**

## QUESTION OF PRIVILEGE

### Re. Illegal Custody of Shri Madhu Limaye

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर) : क्या मैं नोटिस पढ़ूं, लेकिन उसमें मैंने सारी बातें नहीं रखी हैं ?

**अध्यक्ष महोदय** : जैसा दिल चाहे कीजिए ।

**श्री मधु लिमये** : आप पहले मुझे प्रीलिमिनरी स्टेटमेंट करने दीजिए, वह अच्छा रहेगा ।

अध्यक्ष महोदय, इस मामले के तथ्य इस प्रकार हैं कि 9 अगस्त को मैं कलकत्ता से हवाई जहाज द्वारा बनारस आया । बनारस से मैं आजमगढ़ जाने वाला था, उसके बाद देवरिया, इलाहाबाद का मेरा कार्यक्रम था । बनारस में मेरे मित्र के यहां एक पत्रकार सम्मेलन होने वाला था, इसके अलावा बनारस में मेरा कोई कार्यक्रम नहीं था । लेकिन जब मैं हवाई जहाज से उतरा और गाड़ी में बैठ कर शहर की ओर चला तो रास्ते में पुलिस अफसर ने मुझ को रोका और कहा कि वह मुझ को गिरफ्तार कर रहे हैं । मैंने पूछा कि क्या आप वारंट लाए हैं ? उन्होंने कहा कि वारंट कोई नहीं है, लेकिन आप को दिखाया जाएगा, आप पुलिस स्टेशन चलिए । वहां जाने के बाद मेरे ऊपर कोई वारंट जारी नहीं किया गया, न मुझे कोई कारण बताया गया कि मुझे क्यों गिरफ्तार किया जा रहा है । उस दिन इतवार था । फिर मुझे सिटी मैजिस्ट्रेट की अदालत में ले गए और मेरे ऊपर उन्होंने क्रिमनल प्रोसीजर कोड की धारा 112 के तेहत नोटिस जारी करना चाहा । मैंने उनसे पूछा कि क्या इस नोटिस में जो तथ्य दिये गये हैं, उनकी सत्यता जानने के बारे में आप ने कोई प्रयास किया है, यदि नहीं किया है तो